सं.ए-12023/1/2007-स्थापना
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

टेक्नोलाजी भवन, नया मेहरौली मार्ग,
नई दिल्ली – 110016

दिनांक: 15 अक्तूबर, 2007

सेवा में,

केन्द्रीय सरकार के सभी विभाग/राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र के प्रशासन/विश्वविद्यालय

विषय: वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति/समावेशन के आधार पर वैज्ञानिक 'सी' और 'डी' के पदों को भरना ।

महोदय

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति/ समावेशन के आधार पर (आरम्भ में दो वर्षों के लिए प्रतिनियुक्ति पर और उसके पश्चात समावेशन आधार पर) वैज्ञानिकों के निम्नलिखित पदों (समूह 'ए' राजपत्रित, गैर मंत्रालयी वैज्ञानिक और तकनीकी) को भरा जाना अपेक्षित है ।

1. 10,000-325-15,200/- रूपए के वेतनमान में वैज्ञानिक 'सी' (2 पद)
2. 12,000-375-16,500/- रूपए के वेतनमान में वैज्ञानिक 'डी' (2 पद)

(रिक्तियों/पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है)

पात्रता मानदण्ड आवश्यक अर्हताएं, अनुभव आदि **अनुबंध-I** में दिये गये है । उम्मीदवार द्वारा भरा जाने वाला जीवनवृत्त प्रोफार्मा **अनुबंध-II** में दिया गया है ।

2. चयनित अधिकारियों के वेतन और भत्ते भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के तहत निर्धारित किए जाएगें । आरम्भ में प्रतिनियुक्ति की अवधि दो वर्ष की होगी ।

3 केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्र के प्रशासन से अनुरोध है कि वे इन रिक्तियों को अपने अधीन कार्यरत और उनके प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यरत मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों, सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिकों अथवा प्रौद्योगिकीविदों के ध्यान में लाएं ।

4. पिछले पाँच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपार्टो (जिसका प्रत्येक पृष्ठ अवर सचिव अथवा समकक्ष स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया हो) सतर्कता और संवर्ग क्लियरेंस, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, लगाए गए छोटे/बड़े जुर्मानों की सूची, यदि कोई हों, सहित पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन संलग्न प्रोफार्मा (अनुबंध – II) में, जिन्हें चयन होने पर तुरन्त कार्यमुक्त किया जा सके, इस विज्ञापन के Employment News/ 'रोजगार समाचार' में छपने के 60 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को भेजें जाएं । किसी भी प्रकार से अपूर्ण पाए गए अथवा वांछित दस्तावेज संलग्न न किए जाने पर अथवा अन्तिम तारीख के बाद प्राप्त हुए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे । (यह विज्ञापन और अन्य ब्यौरे/अनुबंध डीएसआईआर की वैबसाइट http://www.dsir.gov.in पर भी उपलब्ध हैं)

(एस के कालड़ा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 26590682